
आज़ादी का
अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 26.03.2023 से 01.04.2023)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# विभागों को आयु वर्ग अनुसार सौंपे गए कार्य की समीक्षा बैठक

(दिनांक 26.03.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज विभिन्न विभागों को आयु वर्ग अनुसार सौंपे गए कार्य की प्रगति के लिए समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर अधिकारियों को निर्देश दिये कि युवाओं के लिए रोजगार के अधिक अवसर सृजित करने तथा युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग के वे उद्योगों में कौशल की डिमांड अनुसार और उनकी वांछित आवश्यकता को पूरा करने के लिए युवाओं को कौशल वृद्धि का प्रशिक्षण प्रदान करें। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को स्कूल से बाहर आंगनवाड़ी केंद्रों, मदरसों में जाने वाले बच्चों की पहचान करने के लिए प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। राज्य में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मदद से गुरुकुल और



# साप्ताहिक सूचना पत्र

अन्य निजी संस्थान के बच्चों का भी नियमित रूप से डाटा अपडेट और अपलोड करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि बच्चो का डाटा एकत्र करने और रिकॉर्ड मेंटेन रखने तथा डाटा सत्यापन करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्ट फोन उपलब्ध कराया जाने चाहिए।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को राज्य में 0–6 वर्ष के बच्चों में कुपोषण को कम करने के लिए, बच्चों के बॉडी मास इंडेक्स का आंकलन करने और इसे सप्ताह में दो बार राज्य के नागरिक संसाधन सूचना विभाग द्वारा राज्य व केन्द्र सरकार के भारत पोषण पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिये।

उन्होंने परिवार में एकल सदस्य, कॉलेज के छात्रों, कार्यरत युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों, निर्माण श्रमिकों और विकलांग व्यक्तियों के डेटा को सीआरआईडी के डैशबोर्ड पर परिवार पहचान पत्र में तारीख के साथ नियमित रूप से अपलोड और अपडेट करने के निर्देश दिये।

उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को 6 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के नागरिकों की जन्म तिथि और आधार कार्ड के सत्यापन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए क्योंकि स्कूल शिक्षा विभाग के सभी शिक्षकों को उनके स्कूल के आसपास के नागरिकों का डेटा सत्यापन और अपडेट करने का कार्य सौंपा गया है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए प्रदेश में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति का डाटा रखरखाव कर रही है राज्य सरकार का उद्देश्य परिवार पहचान पत्र के माध्यम से लोगों की जरूरतों को समझना और नागरिकों के जीवन स्तर को ऊपर उठाना है।

साथ ही प्रदेश भर में प्रत्येक पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## बारिश से हुई फ़सल खराबे की भरपाई

(दिनांक 26.03.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हाल ही में हुई बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि के कारण खराब हुई किसानों की फसलों का आकलन कर मई माह तक किसानों के खातों में मुआवजा भेज दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि गिरदावरी का कार्य 15 दिन में पूरा कर लिया जाएगा और पारदर्शी ढंग से सभी किसानों को मुआवजा प्रदान किया जायेगा।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्तमान सरकार ने 1300 करोड़ रुपये का मुआवजा किसानों को दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को ई–फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपने नुकसान का ब्यौरा भरना अनिवार्य है। इसके अलावा, जो किसान स्वयं क्षतिपूर्ति पोर्टल पर नुकसान का आकलन नहीं भर सकते वे कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर भरवा सकते हैं। सरकार द्वारा उसका खर्च वहन किया जाएगा।



उन्होंने कहा कि फसल का बीमा करवाने वाले किसानों को कंपनी द्वारा भुगतान किया जाता है और बीमा न करने वाले किसानों को सरकार द्वारा 15000 रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

# धनवंतरी आयुर्वेद कॉलेज में आयुर्वेद पर्व का शुभारंभ

(दिनांक 27.03.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज चंडीगढ़ सेक्टर 46 स्थित धनवंतरी आयुर्वेद कॉलेज में आयुर्वेद पर्व का दीप जलाकर शुभारंभ किया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आयुर्वेद हमारी प्राचीनतम चिकित्सा प्रणाली है। आयुर्वेद से असाध्य बीमारियों का इलाज संभव हुआ है। एलोपैथी चिकित्सा प्रणाली में जल्दी इलाज संभव है लेकिन इसके अनेक साइड इफेक्ट्स हैं जबकि आयुर्वेद में मरीज को बेहतर इलाज मिलता है। शिक्षा और चिकित्सा पर सबका अधिकार है और इसी को ध्यान में रख प्रदेश सरकार ने शिक्षा के विस्तारीकरण और चिकित्सा सुविधा सभी को सहज उपलब्ध हो इसके प्रयास किये हैं। चिरायु हरियाणा योजना को लागू किया है ताकि हर नागरिक को चिकित्सा सुविधा मुहैया हो सके। सरकार का प्रयास है कि सभी नागरिकों



के स्वास्थ्य की जांच सुनिश्चित हो इसके लिए निरोगी हरियाणा योजना शुरू की है। पहले चरण में अंत्योदय परिवारों का फ्री मेडिकल चेकअप किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आयुर्वेद के प्रोत्साहन के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी कड़ी में कुरुक्षेत्र में 100 एकड़ भूमि पर श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय बनाया जा रहा है।

इसके साथ ही श्री धनवंतरी आयुर्वैदिक कॉलेज एंड हॉस्पिटल के जनरल सेक्रेटरी वैद्य श्री नरेश मित्तल जी ने विस्तार से कॉलेज की उपलब्धियों के बारे में बताया। श्री धन्वंतरी एजुकेशन सोसाइटी 1976 में बनी और इसके साथ ही श्री धनवंतरी आयुर्वेदिक कॉलेज और अस्पताल की स्थापना की। श्री धनवंतरी आयुर्वेदिक कॉलेज और अस्पताल चंडीगढ़ का एकमात्र आयुर्वेदिक संस्थान है जो श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र, हरियाणा से संबद्ध है।

श्री धनवंतरी आयुर्वेदिक अस्पताल में 125 बेड की सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके साथ ही कॉलेज में 100 यू.जी. और 24 पी.जी. सीटें हैं और शीघ्र ही पीएचडी भी शुरू कर दी जाएगी।



# 'ऑपरेशन आक्रमण–5' हरियाणा पुलिस का बदमाशों व अवैध गतिविधियों के खिलाफ बड़ा एक्शन

(दिनांक 27.03.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में हरियाणा पुलिस ने प्रदेश से बदमाशों, आपराधिक तत्वों व नशा तस्करों का सफाया करने के लिए ऑपरेशन आक्रमण –5 चलाया। प्रदेशभर में एक साथ की गई रेड के दौरान आईपीसी, एनडीपीएस, एक्साइज और आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत 565 मुकद्दमें दर्ज करके 1334 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस दौरान भारी मात्रा में नशा व अवैध हथियार की बरामदगी भी हुई।

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) श्री प्रशांत कुमार अग्रवाल ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस द्वारा अवैध हथियारों, नशीले पदार्थों और अवैध शराब की तस्करी सहित राज्य में आपराधिक गतिविधियों पर सटीक जानकारी एकत्र की जा रही है।

एसपी/डीसीपी के नेतृत्व में 7620 पुलिस जवानों की 1443 टीमों ने अपराध और अपराधियों पर 26 मार्च प्रातःकाल से शुरू होकर दिन भर सायं तक रेड की। कई स्थानों पर एक साथ रेड करते हुए अपराधियों को निशाना बनाने के बहुत ही बेहतर परिणाम सामने आए। पुलिस टीमों द्वारा कुल 80 अवैध हथियार और 40 कारतूस बरामद किए गए। रेडिंग टीमों ने कुख्यात अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए 5 मोस्ट वांटेड/इनामी बदमाशों को काबू किया। साथ ही, पुलिस 218 उद्घोषित अपराधियों और 39 बेल जंपर्स को पकड़ने में भी कामयाबी हासिल की। प्रदेश से अपराध और आपराधिक तत्वों का सफाया करने के लिए ऑपरेशन आक्रमण के तहत इंटेलिजेंस–ड्रिवन कार्रवाई की श्रृंखला में यह पांचवा विशेष अभियान था जो प्रदेश के नागरिकों को एक सुरक्षित और स्थिर वातावरण प्रदान करने की दिशा में हरियाणा पुलिस विभाग की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

# हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) की 125वीं बैठक

(दिनांक 27.03.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) की 125वीं बैठक की अध्यक्षता कर कहा की लोगों को शहरी क्षेत्र में आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को ग्रुप हाउसिंग व सेक्टरों में स्टिल्ट प्लस 4 फ्लोर बिल्डिंग प्लान के लिए एक नई योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में फरीदाबाद के सेक्टर–18 ए में फरीदाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा प्राधिकरण की लगभग 4 हजार वर्ग मीटर जमीन पर बनाये जा रहे बहुमंजिला कार पार्किंग और वाणिज्यिक परिसर के निर्माण को भी घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस जमीन के बदले हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण इतनी ही जमीन नगर



निगम, फरीदाबाद या फरीदाबाद स्मार्ट सिटी से हस्तांतरित करवाये।

सेक्टर–9, पंचकूला की रेहड़ी मार्केट में पिछले दिनों हुई आग लगने की घटना के बाद माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार प्राधिकरण द्वारा दुकानदारों को बड़ी राहत देते हुए रेहड़ी मार्केट के स्थान पर अंत्योदय मार्केट का निर्माण किया जा रहा है और 131 दुकानदारों को मालिकाना हक के आवंटन लेटर जारी करने को भी घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा, पंचकूला के सेक्टर, 7, 11 व 17 में भी रेहड़ी मार्केट के स्थान पर अंत्योदय मार्केट के रूप में पक्की दुकानें बनाई जाएंगी। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जिन–जिन शहरों में रेहड़ी मार्केट चल रही है, वहां पर पक्की दुकानें बनाई जाएं। इस पर प्राधिकरण के मुख्य प्रशासक श्री अजीत बालाजी जोशी ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि प्राधिकरण का गुरुग्राम, फरीदाबाद तथा करनाल में भी रेहड़ी मार्केट के स्थान पर अंत्योदय मार्केट बनाने का प्रस्ताव है।




बैठक में बताया गया कि प्राधिकरण के पास 5418 आवासीय, 2688 वाणिज्यिक तथा 230 इंस्टीट्यूशनल संपत्तियां हैं, जिनमें से ई–ऑक्शन के माध्यम से 4804 आवासीय, 2305 वाणिज्यिक तथा 205 इंस्टीट्यूशनल संपत्तियों की बिक्री की जा चुकी है। इस पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एचएसवीपी की सभी संपत्तियों के लिए एक अलग डैशबोर्ड तैयार किया जाए, जिस पर संपत्ति का स्थान, मालिक का नाम इत्यादि सभी जानकारियां दर्ज हों। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि संपत्तियों के दस्तावेजों सहित प्राधिकरण का संपूर्ण रिकॉर्ड डिजिटल किया जाए।

# वर्ष 2023–24 की बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक

(दिनांक 28.03.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज वर्ष 2023–24 की बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को वर्ष 2023–24 की बजट घोषणाओं संबंधी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि प्रदेश की जनता को विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं का लाभ जल्द से जल्द प्रदान किया जा सके। माननीय मुख्यमंत्री जी ने विभिन्न विभागों की बजट घोषणाओं पर विस्तार से चर्चा की और अधिकारियों से इस बारे में विस्तृत समय–सीमा सहित बिंदुवार समीक्षा की। अधिकारियों ने माननीय मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया कि बजट घोषणाओं के तहत अधिकांश परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) अंतिम चरण में है और 30 अप्रैल तक इसे अंतिम रूप दे



# साप्ताहिक सूचना पत्र



दिया जाएगा। माननीय मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को 500 पैक्स स्थापित कर सहकारी ढांचे के सुदृढ़ीकरण के लिए नई पैक्स नीति तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को एक महीने के भीतर सांझी डेयरी के पांच मॉडल को पायलट आधार पर चालू करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यह एक अलग मॉडल है जो उन लोगों को सक्षम करेगा जिनके पास पशुपालन गतिविधियों के माध्यम से अपनी आय बढ़ाने के लिए पर्याप्त भूमि नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर बल्क मिल्क कूलर (बीएमसी) से संबंधित योजना तैयार करने और इस संबंध में निविदाएं जारी करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवास योजना के तहत जरूरतमंद परिवारों को एक लाख किफायती आवास उपलब्ध कराने के लिए ग्राउंड प्लस–3 फ्लोर का स्ट्रक्चर बनाया जाए।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नगर पालिकाओं में सफाई कर्मचारियों द्वारा किए गए कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर उनकी श्रेणी में शीर्ष पचास में शामिल करने के अलावा 1000 रुपये प्रति माह

# साप्ताहिक सूचना पत्र




की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि के साथ इसी तरह की योजना राज्य स्तर पर भी शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर 50 प्रतिशत प्रदर्शन करने वाले नगर पालिकाओं के सफाई कर्मचारियों को शहर को स्वच्छ रखने के प्रयासों के सम्मान में प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

अनाधिकृत कॉलोनियों के नियमितीकरण के संबंध में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि एक कार्ययोजना तैयार कर ली गई है और 30 सितंबर तक इस प्रक्रिया को व्यवस्थित तरीके से पूरा कर लिया जाएगा। राजस्व अर्जित करने वाली परियोजनाओं और खाली पड़ी जमीनों के मुद्रीकरण के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को परियोजनाओं के लिए खाली पड़ी जमीनों को बेचने तथा वैल्युएबल भूमि उपयोग के लिए बाहरी परिधि पर वैकल्पिक जमीन खरीदने के निर्देश दिए। माननीय मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया कि सितंबर के अंत तक पहले चरण में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और शहरी स्थानीय निकाय क्रमशः 100 और 200 अटल सेवा केंद्र स्थापित करेंगे। इसके अलावा, कपड़ा नीति को अधिसूचित किया जाएगा और नीति के तहत आठ में से चार योजनाओं को 30 अप्रैल तक अंतिम रूप दिया जाएगा।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को साइकिलिंग वेलोड्रोम के निर्माण के लिए खेल विभाग को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 10 एकड़ भूमि आवंटित करने के निर्देश दिए। माननीय मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया कि हरियाणा और अन्य राज्यों के राष्ट्रीय स्तर के एथलीटों को आवासीय प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करने के लिए पंचकूला में स्पोर्ट्स हॉस्टल से संबंधित कार्य चल रहा है और जल्द ही पूरा हो जाएगा।

# नगर निगमों के मेयर और जिला नगर आयुक्तों के साथ बैठक

(दिनांक 29.03.2023)



**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी आज नगर निगमों के महापौरों और जिला नगर आयुक्तों के साथ शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर कहा कि प्रदेश सरकार स्थानीय सरकारों अर्थात नगर निकायों को पूर्ण स्वायत्ता देने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि स्थानीय स्तर पर होने वाले कार्य समयबद्ध तरीके से और त्वरित ढंग से हो सकें।

विकास कार्यों के लिए निकायों को पैसा दिया जाएगा। वर्ष 2022–23 के राज्य के अपने कर राजस्व (एसओटीआर) लगभग 65 हजार करोड़ रुपये में से लगभग 3600 करोड़ रुपये नगर निकायों को दिये जाएंगे। इसके अलावा पिछला बकाया 500 करोड़ रुपये अतिरिक्त दिए जाएंगे। इस प्रकार 4100 करोड़ रुपये नगर निकायों को मिलेंगे, जिससे वे अपने स्तर पर विकास कार्य करवा पाएंगे। इसके अलावा, सभी निकायों में कुल मिलाकर 5 हजार करोड़ रुपये की राशि पहले से ही उपलब्ध है।

माननीय मुख्यमंत्री जी बैठक में घोषणा करते हुए कहा कि नगर निगम, नगर परिषद व नगर पालिकाओं के कार्यालय



भवन बनाने का खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। भवन के लिए यदि कहीं जमीन खरीदने की या किसी विभाग से हस्तांतरित करने की भी आवश्यकता है तो उसका खर्च भी राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यदि कोई निकाय अपनी जमीन पर कोई भवन बनाकर वाणिज्यिक गतिविधियां करना चाहती है, तो कर सकती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी नगर निकायों में संपत्तियों की नीलामी के लिए एक कॉमन पोर्टल बनाया जाए। यदि किसी कारणवश बिडिंग असफल होती है तो एक माह के अंदर–अंदर पुनरू बिडिंग हो, इसकी जिम्मेवारी जिला नगर आयुक्त की होगी।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को जन्म, मृत्यु और विवाह प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करने की समय सीमा को 21 दिन से बढ़ाकर 30 दिन करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात विलंब शुल्क के साथ आवेदन करने का प्रावधान

किया जाए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि नई अवैध कॉलोनियों का रजिस्ट्रेशन ही नहीं किया जाएगा। पहले से बनी  कॉलोनियों, जिनमें कुछ हिस्से या पैच को अनियमित दिखाया हुआ है, उन्हें तय मानदंड अनुसार नियमित किया जाए। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले ही सरकार ने 190 कॉलोनियों को अप्रूव किया है। उन्होंने कहा कि जनता हमारे लिए सब कुछ है, इसलिए मेयर जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं व शिकायतों को सुनें और जनता दरबार में जिला नगर आयुक्त भी मौजूद रहें। उन्होंने जिला नगर आयुक्तों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने निकायों को स्वायत्ता प्रदान करते हुए सिस्टम बनाया है कि सभी कार्यों के लिए फाइलें मुख्यालय स्तर तक न आए, बल्कि निकाय स्तर पर ही सारे कार्य हो जाएं।



# रामनवमी के अवसर पर श्री माता मनसा देवी मंदिर के दर्शन


(दिनांक 30.03.2023)



**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने राम नवमी के अवसर पर पंचकूला में ऐतिहासिक श्री माता मनसा देवी मंदिर में विधिवत पूजा–अर्चना की तथा मंदिर परिसर में स्थित यज्ञशाला में मंत्रोंच्चारण के बीच हवन में भाग लिया तथा यज्ञ में आहूतियां डाली और प्रदेशवासियों की खुशहाली व सुख समृद्धि के लिए कामना की। पूजा–अर्चना करने के बाद माननीय मुख्यमंत्री जी ने कन्या पूजन भी किया। और मंदिर परिसर में आयोजित रक्तदान जागरूकता शिविर का भी शुभारंभ किया। मीडिया से बातचीत करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज नौंवे और अंतिम नवरात्रि के अवसर पर उन्होंने माता के चरणों में पूरे प्रदेश की जनता के लिए सुख एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने कामना की है कि प्रदेश की जनता पर किसी प्रकार का कष्ट न आए। आज यहां आकर उन्हें माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड द्वारा किए गए अनेक विकास कार्यों की भी जानकारी मिली है। यहाँ की कार्यकारिणी और बोर्ड के सदस्य ने उन्हें बताया कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या हर वर्ष बढ़ रही है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र







# हरियाणा में रेल इलेक्ट्रिफिकेशन का कार्य हुआ पूरा

(दिनांक 30.03.2023)

**प्रभाव :** केंद्र व हरियाणा में डबल ईंजन की सरकार द्वारा निरंतर किए जा रहे विकास कार्यों के सफलता में आज एक ओर आयाम जुड़ गया जब हरियाणा में शत–प्रतिशत रेलवे विद्युतीकरण का कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो गया।

इस उपलब्धि के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी ने हरियाणा की तारीफ़ करते हुए कहा कि रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन होने से विकास के कई नए अवसर उपलब्ध होंगे। केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने ट्वीट कर हरियाणा में रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन का 100 फीसदी कार्य पूरा होने की जानकारी दी।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस उपलब्धि के लिए माननीय प्रधानमंत्री और केंद्रीय रेल मंत्री का हरियाणावासियों की ओर से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व और प्रेरणा से हरियाणा राज्य लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में शत प्रतिशत रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन से नागरिकों को बहुत लाभ होगा। साथ हो पर्यावरण के लिए भी यह कदम अहम साबित होगा।



# खेल विभाग की समीक्षा बैठक

(दिनांक 30.03.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने खेल विभाग की समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के खिलाड़ियों के राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन को देखते हुए अधिकारी हर प्रकार की खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। इसके लिए बजट में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर के रख–रखाव के लिए आवश्यकतानुसार हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्मय से ग्राऊंडमैन व अन्य पदों को शीघ्र भरें। माननीय मुख्यमंत्री जी ने आईबीए महिला विश्व बॉक्सिंग चौंपियनशिप प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाली सुश्री नीतू घणघस व स्वीटी बूरा को सम्मानित भी किया। प्रत्येक खिलाड़ी, चाहे वह पदक विजेता है या किसी खेल में प्रतिभागी रहा है, उसकी पूरी जानकारी परिवार पहचान पत्र में उपलब्ध होनी चाहिए। कई योजनाओं का लाभ देने के लिए यह डाटा काफी कारगर है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि के पारम्परिक खेल जैसेकि कुश्ती, कबड्डी के लिए खेल प्रतिभाओं को तराशने वाले अखाड़ों संचालकों को भी सम्मानित करने की भी कोई योजना बनाई जाए। वित्त मंत्री के रूप में उन्होंने अपने बजट अभिभाषण में कुश्ती जगत में अखाड़ा संचालन में हरियाणा का नाम रोशन करने वाले मास्टर चंदगी राम के नाम से खिलाड़ियों के लिए ''स्पोर्टस पर्सन इंशयोरेंस बेनिफिट स्कीम'' की घोषणा भी की है।



# सिख बिजनेस लीडर्स ऑफ इंडिया कॉफ़ी टेबल किताब का लोकार्पण

(दिनांक 31.03.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सिख बिजनेस लीडर्स ऑफ इंडिया कॉफ़ी टेबल बुक को रिलीज़ किया जो कि डॉक्टर प्रभलीन ने लिखी है। इस मौके पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कार्यक्रम में आए उद्यमियों को हरियाणा में उद्योग लगाने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में राज्य सरकार ने उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण बनाया है, सरकार की ओर से बहुत सी सुविधाएं दी जा रही हैं। उन्होंने सिख उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा में आकर व्यापार करेंगे तो उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आएगी। सरकार ने सिंगल रूफ़ सिस्टम बनाया है, जिसके तहत उद्योगों को मिलने वाली सभी प्रकार की





अनुमति 45 दिन में एक छत के नीचे मिल रही हैं। प्रदेश में अब बिजली आपूर्ति की स्थिति भी बेहतर है। इतना ही नहीं, औधिगिकीकरण की दृष्टि से राज्य सरकार ने प्रदेश को 4 श्रेणियों – ए, बी, सी और डी में बाँटा है। यदि सी और डी जोन में उद्योग स्थापित करेंगे तो 4000 रुपये प्रति वर्कर प्रति माह अगले 4 सालों तक हरियाणा सरकार प्रोत्साहन के तौर पर प्रतिपूर्ति करेगी।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सिख समाज का प्रदेश और देश की उन्नति में बहुत बड़ा योगदान है। यह समाज कर्मशील समाज है और इन्होंने संघर्ष करके अपने व्यापार, अपने परिवार, देश और समाज को आगे बढ़ाने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि दशम पातशाही के समय देश में जो हालात थे, उस समय देश गुलामी की जिंदगी जी रहा था। अपने आप को उजागर करने या अपनी बात कहने और स्वाभिमान से जीने का मौका नहीं था। उन्होंने कहा कि जब गुरू गोबिंद सिंह जी की बाबा बंदा सिंह बहादुर से मुलाकात हुई और उन्होंने कहा कि उत्तर भारत में आपकी जरूरत

है, जहां जनता पर मुगलों द्वारा अत्याचार किए जा रहे हैं। मुगलों के खिलाफ लड़ने के लिए एक सेनापति चाहिए, जिस पर बाबा बंदा सिंह बहादुर खरे उतरे और अपने आपको अजेय मानने वाले मुगलों को भी लगा कि उनका लोहे के चने चबवाने वाले सेनापति से मुकाबला हो रहा है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर ने सोनीपत जिले के खंडा शेरी गांव से युवाओं को एकत्र कर सेना बनाने की शुरुआत की थी और इस प्रकार विभिन्न स्थानों का दौरा कर एक सेना खड़ी की और लोहगढ़ को सिख राज की पहली राजधानी बनाया। पहली बार कृषि सुधार का कानून भी उन्होंने ही लागू किया था। कार्यक्रम में पूर्व सांसद पद्मभूषण सरदार तरलोचन सिंह जी ने माननीय मुख्यमंत्री जी और हरियाणा सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा बनने के बाद सिख इतिहास और सिखों के लिए



# साप्ताहिक सूचना पत्र




माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सबसे ज्यादा काम हुए हैं। उन्होंने कहा कि हम सब बाबा बंदा सिंह बहादुर के गुण गाते रहे, लेकिन उनकी यादगार में कोई निशानी बनाने की कभी नहीं सोची। माननीय मुख्यमंत्री ने बाबा बंदा सिंह बहादुर जहां राज करते थे, उनकी राजधानी में ही उनकी यादगार में करोड़ों रुपये खर्च करके ऐतिहासिक स्मारक बनवाया है। बाबा बंदा सिंह बहादुर का इतिहास पुनर्जीवित करने में माननीय मुख्यमंत्री जी का अहम योगदान है। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष संत करमजीत सिंह जी ने कहा कि सिख धर्म और पंजाबी भाषा के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में अभूतपूर्व काम हुआ है। उन्होंने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर के साथ शहीद होने वाले परिवार के वंशज हैं मुख्यमंत्री। बाबा बंदा सिंह बहादुर के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने अलग फाउंडेशन भी बनाया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सिख समाज के बड़े प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## हाई पावर परचेज कमेटी की बैठक

(दिनांक 31.03.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में हुई उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी) और विभाग उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (डीएचपीपीसी) की बैठक में बसों की खरीद को मंजूरी प्रदान की गई।

साथ ही बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली कुल 5412 करोड़ रुपये के सामान और वस्तुओं की खरीद को मंजूरी प्रदान की गई। उन्होंने कहा की हरियाणा में नागरिकों को किफायती, सुरक्षित, सुगम और पर्यावरण अनुकूलन सार्वजनिक परिवहन सेवाएं प्रदान करने के लिए जल्द ही हरियाणा रोडवेज के बेड़े में 375 नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल होंगी।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने बताया कि बैठक में सिंचाई, पुलिस, परिवहन, हरियाणा पावर जेनरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड, गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए), कृषि विभाग, माध्यमिक शिक्षा, उत्तर हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

बिजली वितरण निगम, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी तथा शहरी स्थानीय निकाय विभाग के कुल 28 एजेंडा रखे गए थे, जिसमें से 27 एजेंडे को मंजूरी दी गई। उन्होंने बताया कि आज विभिन्न कंपनियों से नेगोशिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 85 करोड़ रुपये को बचत की गई है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बैठक में नगर निकायों के लिए लगभग 4.50 लाख स्ट्रीट लाइट्स की खरीद को भी मंजूरी मिली है। इसके अलावा, सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सफाई कर्मचारियों की सेफ्टी के लिए सीवर की सफाई हेतु 21 हाई प्रेशर जेटिंग –कम सक्शन हाइड्रोलिकली सीवर क्लीनिंग मशीनों की खरीद को भी मंजूरी दी गई। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के लगभग 1200 करोड़ रुपये के डक्टाइल पाइप खरीदने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। उन्होंने बताया कि बैठक में थर्मल प्लांट में टॉरफिइड बायोमास पेलेट्स



के उपयोग के लिए भी एजेंडा को मंजूरी दी गई। इसके अलावा, सढौरा के 66 केवी सब स्टेशन को अपग्रेड करने, पुलिस विभाग के लिए 15 सीटर 41 दंगा/विरोध प्रदर्शन नियंत्रण वाहन तथा स्मार्ट कम्युनिकेशन उपकरणों की खरीद को भी मंजूरी दी गई है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस प्रकार की बैठक में सभी डीलर्स के साथ पारदर्शी तरीके से नेगोशिएशन की जाती है जिससे जनता के पैसे में बचत होती है। सरकार का ध्येय यही है कि जनता का 1–1 रुपये पारदर्शी तरीके से जनता के हित के लिए ही खर्च हो।

# जी–20 की बैठक

(दिनांक 01.04.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज पिंजौर के यादवेंद्र गार्डन में आयोजित जी–20 बैठकों कार्यक्रम में शिरकत की। गार्डन में पहुंचे प्रतिनिधियों को भारत की अतिथि देवो भवरू और वसुधैव कुटुंबकम् की परंपरा और समृद्ध कला संस्कृति से रूबरू कराने के लिए यह आयोजन किया गया है।

हरियाणा सरकार ने कला–संस्कृति, खान–पान और आतिथ्य सत्कार से जी–20 बैठकों में शामिल होने वाले विदेशी मेहमानों का दिल जीत लिया। शुक्रवार रात को पिंजौर के ऐतिहासिक यादवेंद्र गार्डन में सरकार की ओर से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें विदेशी मेहमानों को हरियाणा व देश की संस्कृति से रूबरू कराया गया।

रात्रि के समय यादवेंद्र गार्डन रंग–बिरंगी रोशनी से सराबोर नज़र आया, जो माहौल को और खुशनुमा और खास बना रहा था। विदेशी मेहमानों के आगमन पर मुख्य गेट पर पारंपरिक परिधान पहने हरियाणवी कलाकार ढोल नगाड़े बजाकर उनका अभिनंदन कर रहे थे। इसके बाद, मेहमानों को तिलक लगाकर व पारंपरिक लोक गीत गाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम





का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा। प्रदेश में विभिन्न त्योहार व अन्य अवसरों जुड़े पारंपरिक लोक नृत्यों लूर, घूमर, धमाल, फाग, फाल्गुन आदि की प्रस्तुति देते हुए हरियाणवी लोक शैली का प्रभावी रूप से प्रदर्शन किया। इससे विदेशी मेहमानों को भी झूमने पर मजबूर कर दिया। विदेशी मेहमानों ने माननीय मुख्यमंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री जे पी दलाल, विकास एवं पंचायत मंत्री श्री देवेंद्र बबली सहित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समूह चित्र भी खिंचवाए। पूरे कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी अनूठे अंदाज में नज़र आए। भ्रमण के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने कलाकरों से भी बातचीत की और उनकी हौसला अफजाई की। वे छोटे बच्चों के साथ भी खुशनुमा मूड में नज़र आए। उन्होंने ढोल नगाड़े बजाने वाले कलाकारों के साथ मिलकर ढोल भी बजाया, जिससे कलाकार भी और अधिक जोश व उत्साहित हो उठे। रात्रिभोज पर अलग अलग क्यूज़ीन के साथ साथ अंतरराष्ट्रीय मिलेट ईयर के तहत मोटे अनाज से तैयार व्यंजन भी परोसे गए।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## मेरा पानी–मेरी विरासत योजना के लाभार्थियों से सिधा संवाद

(दिनांक 01.04.2023)



**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज चंडीगढ़ स्थित अपने सरकारी आवास से ऑडियो कांफ्रेंस के माध्यम से मेरा पानी–मेरी विरासत योजना के लाभार्थियों से संवाद करते हुए प्रदेश के लोगों से जल–संरक्षण करने का आह्वान किया। उन्होंने जल संरक्षण में योगदान देने वाले किसानों को अमृत क्रांतिकारी मित्र की उपाधि देते हुए कहा कि धरती को जलसंकट से बचाने की दिशा में सरकार अनेक कदम उठा रही है, सभी लोगों को भी इसमें साथ देना चाहिए। उन्होंने भूमिगत जल की मानव शरीर में खून से तुलना करते हुए कहा कि धरती पर जीव और प्रकृति के बना रहने के लिए जल अति आवश्यक है। उन्होंने जागरूक किसानों द्वारा इस योजना को अपनाकर लाखों गैलन पानी की बचत करने की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान समय में नदियां सूख रही हैं और भूमिगत जल भी समाप्ति की ओर है। हरियाणा में भी भूजल स्तर लगातार गिरने से 36 ब्लॉक डार्क जोन में आ गये हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण ने भूजल उपलब्धता की ग्रामवार रिपोर्ट तैयार की है। यह रिपोर्ट दर्शाती है कि प्रदेश के कुल 7,287 गांवों में से 3,041 गांव पानी की कमी का सामना कर रहे हैं। इनमें से 1,948 गांवों में भूजल गंभीर स्तर तक नीचे चला गया है। जल की

# साप्ताहिक सूचना पत्र

कमी इसी तरह बढ़ती रही तो अन्न उपजाना तो दूर, पीने के लिए पानी भी नहीं बचेगा और आने वाली पीढ़ियों को भयंकर सूखे की स्थिति का सामना करना पड़ेगा।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस संकट से बचने और आने वाली पीढ़ियों के लिए भी पानी छोड़कर जाने के उद्देश्य से माननीय प्रधानमंत्री जी ने भी आह्वान किया था कि जल संरक्षण के लिए एक जन–आंदोलन की शुरुआत करें। उन्होंने कहा कि इसी आह्वान से प्रेरणा लेते हुए हमने हरियाणा में एक अनूठी योजना ''मेरा पानी मेरी विरासत'' का शुभारंभ 6 मई, 2020 को किया था।

इस योजना में अधिक पानी से उगने वाली धान की फसल के स्थान पर खरीफ सीजन –2020 में कम पानी से उगने वाली फसलें जैसे कि मक्का, कपास, बाजरा, दलहन, सब्जियां व फल लगाने पर बल दिया गया है।


इसी प्रकार, खरीफ सीजन–2021 में हमने मक्का, कपास, तिलहन, दलहन, प्याज, चारे के साथ–साथ खाली रखी गई कृषि भूमि को भी शामिल किया। खरीफ सीजन–2022 में इनके साथ पॉपलर व सफेदा को शामिल किया गया।

उन्होंने बताया कि फसल विविधिकरण करने वाले किसानों को इस योजना के तहत 7,000 रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। किसानों को यह प्रोत्साहन राशि दो किस्तों में सीधे बैंक खातों में दी गई है।

पहली किस्त मेरा पानी–मेरी विरासत पोर्टल पर पंजीकरण के समय 2,000 रुपये और दूसरी किस्त फसल पकने पर 5,000 रुपये दी जाती है। उन्होंने बताया कि हमारा लक्ष्य हर वर्ष धान के रकबे में से 2 लाख 50 हजार हैक्टेयर भूमि पर वैकल्पिक फसलों की बुआई करवाने का है।

उन्होंने उन किसानों का धन्यवाद किया जिन्होंने खरीफ–2022 में, 72,000 एकड़ क्षेत्र में धान की सीधी बुवाई करके 31,500 करोड़ लीटर पानी की बचत

# साप्ताहिक सूचना पत्र



की। उन किसानों को 4,000 रुपये प्रति एकड़ की दर से 29 करोड़ 16 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जिन खण्डों में भूजल स्तर नीचे चला गया है और वहां धान की जगह अन्य फसल उगाने वाले किसान यदि 'बूंद–बूंद सिंचाई प्रणाली' को अपनाते हैं तो उन्हें सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियों की स्थापना के लिए 85 प्रतिषत सबसिडी दी जाती है।

उन्होंने कहा कि किसान इस प्रणाली को अपनाकर अपने ब्लॉक को डार्क जोन से बाहर निकालने में मदद कर सकते हैं क्योंकि सबसे अधिक पानी की खपत धान की खेती में ही होती है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पानी के हवा में वाष्पीकरण और भूमि में रिसाव को रोकने के लिए 'भूमिगत पाइपलाइन स्कीम' के तहत नालों के स्थान पर पाइप लाइनें बिछाई जाती हैं। इस योजना में किसानों को 10,000 रुपये प्रति एकड़, अधिकतम 60,000 रुपये प्रति किसान अनुदान राशि दी जा रही है।

इस योजना के तहत अब तक 1957 किसानों को 8 करोड़ 34 लाख रुपये की राशि अनुदान के रूप में दी गई है। सरकार ने अगले 3 वर्षों में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली से गन्ने की खेती के तहत 2 लाख एकड़ क्षेत्र को कवर करने का लक्ष्य भी रखा है।

उन्होंने आगे बताया कि 'सूक्ष्म सिंचाई के माध्यम से उपचारित अपशिष्ट जल का उपयोग करने के लिए लगभग 500 करोड़ रुपये लागत की 22 परियोजनाओं पर काम चल रहा है, जो जून 2024 तक पूरी कर ली जाएंगी। माननीय मुख्यमंत्री जी ने किसानों को अधिक से अधिक जल बचाने का आह्वान करते हुए कहा कि  जल ही जीवन है। यह बचेगा तो ही धरती पर जीवन बचेगा।